दिनांक 02 मार्च, 2022

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ
प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 03 मार्च, 2023 को विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा, ए.डी.सी.पी. लखनऊ पश्चिम द्वार प्रदत्त दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों हेतु ट्राईसाइकिल तथा बच्चों हेतु प्राम को मुख्य अतिथि डा0 अरूण कुमार सक्सेना, मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विशिष्ट अतिथि श्री के0पी0 मलिक, मा0 राज्य मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश के कर कमलों द्वारा नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान को वन मुख्यालय, 17 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ में अपरान्ह् 01:30 बजे प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर आप सभी पत्रकार बन्धु (इलैक्ट्रिक एवं प्रिन्ट मीडिया) सादर आमंत्रित हैं। आशा है समारोह को सफल बनाने में आप सभी का सहयोग प्राप्त होगा।

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में रह रहे नर तेंदुआ अशोका का जन्म वर्ष 2009 को प्राणि उद्यान लखनऊ में हुआ था। इसकी मां मिर्जापुर वन प्रभाग से रेस्क्यू करके लखनऊ प्राणि उद्यान लायी गयी थी तथा इसके पिता नर तेंदुए को प्रयागराज के कैन्ट एरिया से रेस्क्यू करके लखनऊ प्राणि उद्यान लाया गया था। वर्तमान समय में इसकी आयु लगभग 14 से 15 वर्ष हो चुकी है।

पिछले कुछ दिनों से अशोका तेंदुआ अस्वस्थ चल रहा है, जिसका उपचार प्राणि उद्यान के वन्य जीव चिकित्सालय में चिकित्सको द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान स्थिति में तेंदुआ थोड़ा बहुत खाना खा रहा है। उसकी स्थिति में आंशिक सुधार हुआ है।

इसके साथ ही सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि होली पर्व के अवसर पर नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ दिनांक 7, 8 एवं 9 मार्च, 2023 को पूर्णतः बन्द रहेगा। प्राणि उद्यान दर्शकों हेतु दिनांक 06 मार्च, 2023 दिन सोमवार को दर्शकों हेतु पूर्णतः खुला रहेगा। आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनायें।

(ह0)
(वी0के0 मिश्र)
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ।